# पॉक्सो के मामलों में तुरंत सूचना दें, बालश्रम पर अभियान चलाएं

## बाल कल्याण समिति की समन्वय बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 5 मई ।** बाल कल्याण समिति द्वारा सोमवार को समिति कार्यालय में बाल हित में कार्य करने वाले विभागों की महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण से जुड़े मामलों को लेकर विभिन्न विभागों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में समिति अध्यक्ष एवं सदस्यगण ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा बालकों के साथ होने वाले अपराधों की जानकारी तत्काल समिति को उपलब्ध कराई जाए, जिससे पीड़ित बच्चों को शीघ्र न्याय मिल सके। सभी थाना प्रभारियों और बाल कल्याण अधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित करने को कहा गया। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी आरपी पाण्डेय, आईसीपीएस प्रभारी गौरव दुबे, किशोर न्याय पुलिस प्रभारी जयसिंह राजपूत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### स्कूलों में हेल्पलाईन नंबर लिखें, शिकायत पेटी लगाएं

बैठक में शिक्षा विभाग को जिले के सभी स्कूलों में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित करने एवं शिकायत पेटी लगाने के निर्देश दिए गए। जिससे बच्चों की शिकायतों का त्वरित समाधान संभव हो सके।

### दिव्यांगों को स्पीच थैरेपी, जरूरतमंदों को कौशल विकास प्रशिक्षण दें

सामाजिक न्याय विभाग को जरूरतमंद एवं देखरेख वाले बच्चों को शासन की योजनाओं से जोड़ने तथा कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराने को कहा गया। दिव्यांग बच्चों के लिए स्पीच थैरेपी सहित अन्य विशेषज्ञ सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

### बाल श्रम रोकने नियमित अभियान चलाने के निर्देश

बैठक में श्रम विभाग को बाल श्रम रोकने के लिए टास्क फोर्स बनाकर नियमित अभियान चलाने और कार्रवाई की जानकारी समिति को देने के निर्देश दिए गए।

# ट्रक की टक्कर से घायल युवक की मौत, मामला दर्ज

**मुरैना, 5 मई ।** सरायछोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एलएच-44 पर मसूदपुर के पास 3 मई को ट्रक क्रमांक एमपी07-जेडएस-7911 के चालक दुर्गेश धुर्वे 20 पुत्र रूप सिंह धुर्वे निवासी ग्राम रामपुर जिला मंडला ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में शिवकुमार 27 पुत्र सकरू धुर्वे नि. ग्राम तोड़ा तहसील बिछिया जिला मंडला गंभीर घायल हो गया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वहीं दूसरी ओर बागचीनी थाना क्षेत्र के चोखट्टा एमएस रोड पर 16 अप्रैल को विनोद पुत्र रघुवीर सिकरवार नि. बलधारी का पुरा खिटौरा देवगढ़ ने लापरवाही से बाइक चलाकर टक्कर मार दी। दुर्घटना में फरियादी की पत्नी एवं रामौतार घायल हुए। पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# 11 केवी लाइन टूटी, खेत में खेल रहे मासूम की करंट से मौत

## माताबसैया क्षेत्र के सुरजनपुर गांव में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 5 मई ।** माताबसैया थाना क्षेत्र के सुरजनपुर गांव में मंगलवार को एक हृदय विदारक हादसे में 3 साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। मासूम खेत में खेल रहा था, तभी ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाईन का तार टूटकर नीचे गिरा, तार की चपेट में आने से मासूम बच्चे को करंट का जोरदार झटका लगा और बुरी तरह झुलस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार माता बसैया थाना क्षेत्र के ग्राम सुरजनपुर में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। खेत पर खेल रहे तीन वर्षीय मासूम राघव उर्फ करुआ की 11 केवी हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है।



सुरजनपुर गांव में रहने वाला विजय पाठक मंगलवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे अपने 3 साल के पुत्र राघव को साथ लेकर खेत पर गया था। विजय खेत में ट्रेक्टर चला रहा था, जबकि राघव उनके पास ही खेत में खेल रहा था। तभी अचानक ऊपर से गुजरी 11 केवी हाईटेंशन लाईन का तार टूटकर खेत में खेल रहे राघव के ऊपर आकर गिरा। उसे करंट का जोरदार झटका लगा, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

### पांच बहनों का इकलौता भाई था मासूम राघव

जानकारी के अनुसार हादसे का शिकार हुआ मासूम राघव पाठक अपने परिवार में पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था। सबसे छोटा और परिवार का इकलौता चिराग होने की वजह से राघव पूरे घर का लाड़ला था।

राघव का अधिकांश समय उसके पिता विजय के साथ ही गुजरता था। हादसे के बाद पाठक परिवार में मातम पसर गया है।

### इनका कहना है...

हाईटेंशन लाईन का तार टूटकर नीचे गिरा था, जिसकी चपेट में आने से 3 साल के बच्चे की मौत हुई है। पुलिस द्वारा हादसे की जांच की जा रही है।

**विवेक तोमर**
माताबसैया थाना प्रभारी

# चार गरीब बेटियों के हाथ पीले कर दिया समाजसेवा का संदेश

## ठा. राजमनि डंडौतिया समाज कल्याण समिति ने कराया सामूहिक विवाह सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 5 मई ।** ठा. राजमनि सिंह दंडोतिया शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा सोमवार को प्रेम संगम गार्डन अंबाह बायपास में गरीब परिवारों की 4 बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सहयोग और सेवा भाव का अनूठा उदाहरण देखने को मिला।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र अग्रवाल महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मित्तल उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



इनमें ब्रजेश शर्मा, अजय सिकरवार, आकाश शर्मा, बच्चूलाल मित्तल, गिरीश अग्रवाल शामिल थे।

### अग्नि के सात फेरे लेकर चार जोड़े बने हमसफर

विवाह समारोह में शिवानी-सुनील प्रजापति, आरती-जितेंद्र प्रजापति, शैलू-माधौ तथा शिवानी-रिंकू खटीक का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। उपस्थित लोगों ने नवदंपतियों को सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# 30 क्वार्टर शराब व बीयर के साथ युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 5 मई ।** सबलगढ़ पुलिस ने 4 मई को ग्राम मांगरोल निवासी मोनू पुत्र सोबरन सिंह रावत को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब, दो बोतल एवं पांच कैन किंगफिशर बीयर एवं 10 क्वार्टर मसाला शराब जब्त की। पुलिस ने आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है।

उधर, पोरसा थाना पुलिस ने 4 मई को भजपुरा निवासी शंकर तोमर पुत्र सरनाम तोमर को 25 क्वार्टर देशी मसाला शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# तेज रफ्तार मोटर साइकिलों की भिड़ंत, दो घायल

## मंगलवार की दोपहर जौरा क्षेत्र में एनएच-552 पर हादसा, एक की हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 5 मई ।** जौरा थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एनएच-552 पर तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में 2 दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गैपरा फाटक पर मनीष पेट्रोल पंप के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार परसोटा गांव निवासी सूरज धाकड़ 37 पुत्र राकेश धाकड़ मंगलवार की दोपहर अपने दोस्त मुश्ताक खान 20 पुत्र रसूल खान निवासी पचबीघा जौरा के साथ बाइक पर सवार होकर जौरा से परसोटा गांव जा रहा था। इसी दौरान एनएच-552 पर गैपरा फाटक पर मनीष पेट्रोलपंप के सामने उनकी बाइक की सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक अन्य बाइक से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक दूर तक फिसलती हुई चली गई। बाइक पर सवार सूरज और मुश्ताक बुरी तरह जख्मी हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।



जिला अस्पताल मुरैना में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते सूरज को जेएएच ग्वालियर भेज दिया है। जबकि मुश्ताक का उपचार चल रहा है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

# बुजुर्ग की रास्ता रोककर मारपीट, मामला दर्ज

**मुरैना, 5 मई ।** पहाड़गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खुडमांस में 4 मई को केदार 60 पुत्र जगोले कुशवाह निवासी खुडमांस के साथ वीरू, राजू, साहब सिंह एवं नारायण कुशवाह ने मारपीट कर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### युवक की मारपीट, गाली-गलौज का मामला दर्ज

**मुरैना, 5 मई ।** मातावसैया थाना क्षेत्र के काजीबसई गांव में 4 मई को मोहम्मद शमशाद उर्फ नेता 49 पुत्र मोहम्मद वहीद के साथ संजीव पुत्र प्रीतम जाटव निवासी काजीबसई ने मारपीट कर गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



# विद्युत पेंशनर्स की मासिक बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 5 मई ।** विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन मुरैना की मासिक बैठक सोमवार को बिजलीघर के प्रांगण में बने मंदिर के परिसर में हुई। बैठक में पेंशनर्स की लंबित समस्याओं, शासन स्तर पर चल रही वार्ताओं एवं आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पेंशनर इशाक खान ने की, संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष जयनारायण शर्मा ने किया। अंत में व्हीसी कटारिया ने आभार व्यक्त किया। बैठक में जिलाध्यक्ष पीपी मिश्रा ने बताया कि 16 अप्रैल को भोपाल में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन आंदोलन को स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पेंशनर्स की लंबित समस्याओं पर शीघ्र चर्चा करने का आश्वासन दिया गया है। बैठक में पेंशनर्स ने एकजुटता बनाए रखते हुए संगठन को मजबूत करने और अपनी मांगों को लेकर सतत प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन की रणनीति पर भी विचार किया जाएगा।

बैठक में केएल चौहान, पीएस तोमर, मायाराम शर्मा, विमलचंद जैन, मुरारीलाल प्रजापति, रमेशचंद्र श्रीवास्तव, सीएल नागर, राधेश्याम शर्मा, सुल्तान सिंह सिकरवार, वीरेन्द्र सिंह सिकरवार, रामबाबू श्रीवास, श्रीकृष्ण जाटव, मुकेश गुप्ता, बीडी डंडोतिया, सुरेंद्र कुमार शर्मा, दामोदर कुशवाह, रामेश्वर दयाल राठौर, सुरेंद्र सिंह भदौरिया सहित अन्य विद्युत पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई : जिपं सीईओ ने 214 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**मुरैना, 5 मई ।** मंगलवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट मुरैना में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने 214 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने राजस्व एवं भूमि विवाद, छात्रवृत्ति, अतिथि शिक्षक, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक न्याय, पेंशन, स्वच्छता, अतिक्रमण तथा सिंचाई विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर भरत कुमार, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित रहे।



# रेडक्रॉस सिर्फ संस्था नहीं, मानव सेवा का सशक्त माध्यम : अतुल

## रेडक्रॉस सप्ताह के तहत हेल्थ कैंप, नशा मुक्ति रैली सहित विविध कार्यक्रम होंगे

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 5 मई ।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में रेडक्रॉस सोसाइटी मुरैना द्वारा यूनाईटेड इन ह्यूमिनिटी थीम के अंतर्गत मनाए जा रहे रेडक्रॉस सप्ताह के दौरान सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। 2 मई से 8 मई तक आयोजित सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य, जागरूकता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आनंद धाम मुरैना में 5 मई को नवीन सदस्यों के लिए विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ जिसमें रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अतुल माहेश्वरी ने कहा कि रेडक्रॉस केवल एक संस्था नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सशक्त माध्यम है, जो हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। श्री माहेश्वरी ने रेडक्रॉस के इतिहास से लेकर वर्तमान तक की सेवा यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि संस्था आपदा प्रबंधन, रक्तदान, स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण सहयोग और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है।



उन्होंने टीम भावना, अनुशासन और समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन डॉ. ओपी शुक्ला, एवं मप्र प्रबंध समिति सदस्य अरविंद भदौरिया ने भी संगठन की कार्यप्रणाली और सेवा गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

### सम्मान समारोह 8 को

रेडक्रॉस सप्ताह के अंतर्गत हेल्थ कैंप, पोषण आहार वितरण, नशा मुक्ति जागरुकता रैली सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। अंतिम दिन 8 मई को उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले सदस्यों एवं संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए मारोह का आयोजन होगा।

# नि :शुल्क प्याऊ पर राहगीरों को मिलेगा शीतल पेयजल

## महापौर ने बैरियर चौराहा पर प्याऊ का किया उद्घाटन

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 5 मई ।** नगर निगम द्वारा भीषण गर्मी में आमजन एवं श्रद्धालुओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को बैरियर चौराहा क्षेत्र में स्थित हनुमानजी के मंदिर पर नि:शुल्क शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने फीता काटकर प्याऊ का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर महापौर शारदा सोलंकी ने कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों की सुविधा के लिए यह प्याऊ शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर अन्य स्थानों पर भी प्याऊ शुरू किए जाएंगे, ताकि लोगों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। महापौर ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराना सामाजिक दायित्व भी है। नगर निगम का प्रयास है कि शहरवासियों को गर्मी से राहत मिले और उन्हें पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े।




इस मौके पर नगर निगम के जल कार्य प्रभारी ऋषिकेश शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश टैगोर सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीडीएस दुकान आवंटन के आवेदन 9 तक

**मुरैना, 5 मई ।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण भोपाल के आदेशानुसार दुकान विहीन ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए आवेदन 09 मई तक ऑनलाइन आमंत्रित किए गए हैं। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी मुरैना ने बताया कि मुरैना जिले के जौरा विकासखंड के अंतर्गत 800 से अधिक पात्रता पर्चीधारी हितग्राहियों की ग्राम पंचायतों में नवीन दुकान आवंटन किया जाना है। जिनमें ग्राम पंचायत डोंगरपुर, उरहेरा, खांडोली, मैनाबसई और गणेशपुरा के लिए आवेदन बेवसाइट पर ऑनलाइन आमंत्रित किए गए है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित अनु. अधिकारी राजस्व कार्यालय एवं खाद्य कार्यालय मुरैना से संपर्क किया जा सकता है।

# मामले में कोई झूठा न फंसे और कमजोर व्यक्ति को न्याय मिले, इसके लिए किए प्रयास

**भिंड, 5 मई ।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव पदोन्नति पाकर ग्वालियर रेंज के डीआईजी बन गए हैं। उनके सम्मान में स्थानीय किंग्स इंपीरियल होटल में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए।

**डीआईजी डॉ. असित यादव अपने विदाई समारोह में बोले**

श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ श्रीवास द्वारा सभी पत्रकार साथियों, मित्र मंडल एवं व्यापारी साथियों के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में डीआईजी डॉ. यादव ने कहा कि अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने जिले में झूठे अपराध पंजीबद्ध करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के भरसक प्रयास किए। कमजोर वर्ग के लोगों को समय पर न्याय मिले इसके लिए थाना स्तर पर मामलों की नियमित समीक्षा कराई गई।

इस मौके पर मुख्य रूप से जनसंपर्क अधिकारी पुष्पराज सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सत्यनारायण शर्मा, भानु श्रीवास्तव, अनिल चौधरी, गुणाकेश पाराशर, सौरभ शर्मा, विकास जोशी, आकाश भदोरिया, मनोज श्रीवास्तव, शिवम पांडे, विष्णु तोमर, हसरत अली, परानिधेश भारद्वाज, दिलीप सोनी, इमरान खान, असगर खान, संजय शर्मा, सुनील कांकर, गिर्राज बौहरे, आनंद कुशवाह, हरिओम वर्मा, रविरमन प्रजापति, राघवेंद्र सिंह ऊमरी, आदित्य द्विवेदी, अनिल भारद्वाज, राधे रवि राजावत के अलावा व्यापारी संघ से अमित जैन, डॉ. योगेन्द्र यादव, प्रदीप सक्सेना, बीरेन्द्र यादव, मोनू सोनी, पंकज जैन, अतुल जैन, धर्मेन्द्र जैन, लल्ला वाजपेयी, मिच्चे गुप्ता, अखिल जैन, आरव जैन के अलावा आधा सैकड़ा से अधिक पत्रकार एंव व्यापारी मौजूद रहे।

### एफआईआर में नाम बढ़ाने की परंपरा रोकी

डॉ. यादव ने कहा कि एफआईआर में चार की जगह 14 लोगों के नाम लिखे जाने की गलत परंपरा चल रही थी। इस पर काफी हद तक अंकुश लगवाया गया ताकि निर्दोष लोगों को परेशान न होना पड़े। विवेचना को तथ्यात्मक और निष्पक्ष बनाने पर जोर दिया गया।

### दबाव में नहीं होने दी मनमानी कार्रवाई

डॉ. यादव ने कहा कि उनके कार्यकाल में किसी भी घटना पर जाम लगाकर पुलिस पर दबाव बनवाकर मनमानी कार्रवाई नहीं होने दी गई। कानून का राज स्थापित करने के लिए पुलिस ने निष्पक्षता से काम किया। उन्होंने नए अधिकारियों से भी इसी कार्यशैली को अपनाने का आह्वान किया।

**परिशिष्ट B- संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**तेहिसवें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिय संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस ए/350/2026
सविता हासवानी बनाम दीप्ति सिंह
**NEXT DATE : 19-06-2025**

दीप्ति सिंह पत्नी रणवीर सिंह
पता-निवासी 495, संजय गांधी वार्ड-38, उत्तरी सईद, अटेर रोड, मिण्ड, मध्यप्रदेश अन्य पता-तिकोनिया पार्क, सुरेश नगर, थाठीपुर, ग्वालियर, मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी सविता हासवानी ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/350/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 21.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**न्यायाधीश सचिन जैन**
**तेहिसवें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश,**